संख्या–cm-427
15/08/2023

# महादलित टोला में आयोजित झंडोतोलन कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री

पटना, 15 अगस्त 2023 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार 77 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर महादलित टोला में आयोजित झण्डोत्तोलन कार्यक्रम में शामिल हुए। पटना जिला अंतर्गत पुनपुन प्रखंड के कल्याणपुर पंचायत स्थित खपुरा महादलित टोला में आयोजित झण्डोत्तोलन कार्यक्रम में स्थानीय वयोवृद्ध श्री रामलखन चौधरी ने मुख्यमंत्री की उपस्थिति में झंडोत्तोलन किया। स्थानीय नेताओं एवं जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री को फूलों की बड़ी माला पहनाकर उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने अंधापन निवारण कार्यक्रम के अंतर्गत 5 लाभुकों के बीच चश्मा वितरित किया। सतत् जीविकोपार्जन योजना के तहत स्वरोजगार हेतु 297 जीविका स्वयं सहायता समूहों के लाभार्थियों को 1 करोड़ 25 लाख रूपये का सांकेतिक चेक एवं मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के लाभुकों को स्वीकृति पत्र प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने सात निश्चय योजना अंतर्गत आर्थिक हल, युवाओं को बल कार्यक्रम के तहत स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड/कुशल युवा कार्यक्रम के लाभुकों को स्वीकृति पत्र एवं मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना के लाभार्थियों को स्वीकृत राशि का सांकेतिक चेक वितरित किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 77वें स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर मैं समस्त लोगों को हार्दिक बधाई देता हूँ। आज स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर झण्डोत्तोलन का मुख्य कार्यक्रम पटना के गाँधी मैदान में आयोजित किया गया। उसके बाद आप लोगों के बीच यहाँ खपुरा महादलित टोला में आयोजित झण्डोत्तोलन कार्यक्रम में शामिल हुआ हूँ। यह बहुत खुशी की बात है कि यहाँ इस महादलित टोला के सबसे वृद्ध व्यक्ति श्री रामलखन चौधरी जी द्वारा झण्डोत्तोलन किया गया है। कोरोना महामारी के कारण विगत तीन वर्षों तक इस कार्यक्रम का आयोजन नहीं किया जा सका था। आज पुनः इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि 15 अगस्त 2011 से राज्य के सभी महादलित टोलों में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर झंडोत्तोलन कार्यक्रम की शुरुआत की गयी। इस झंडोत्तोलन कार्यक्रम में टोले के महादलित समुदाय के सबसे बुजुर्ग व्यक्ति के द्वारा झण्डा फहराया जाता है। हर वर्ष आयोजित होनेवाले इस कार्यक्रम में पटना जिले के किसी एक स्थल पर हम शामिल होते रहे हैं। इस आयोजन में जिलों में प्रभारी मंत्री, जिला पदाधिकारी, पुलिस अधीक्षक तथा अन्य वरीय पदाधिकारी विभिन्न महादलित टोलों में हिस्सा लेते हैं। इस महत्वपूर्ण अवसर पर स्थानीय लोगों को राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी जाती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार न्याय के साथ विकास के सिद्धांत पर प्रारंभ से ही कार्य कर रही है जिसमें हर इलाके का विकास एवं हर तबके का विकास शामिल है। समाज के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति, अति पिछड़े वर्ग, अल्पसंख्यक समुदाय सभी महिलायें सहित हमने सभी वर्गों एवं जातियों के उत्थान के लिए काम किया है। अधिक से अधिक लड़कियों को शिक्षा के प्रोत्साहित करने के लिए अनेक योजनायें शुरू की गयी। छात्र–छात्राओं को उच्च शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए भी हर प्रकार से राज्य

सरकार सुविधाएं मुहैया करा रही है। हर गाँव को बेहतर संपर्कता प्रदान करने के लिए सड़कों एवं पुल–पुलियों का निर्माण कराया गया है। पूरे बिहार में विकास कार्य बेहतर ढंग एवं तीव्र गति से किया जा रहा है। राज्य सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं का महादलित समुदाय के लोगों को लाभ मिल रहा है। हमलोगों ने महादलित समुदाय के सर्वागीण विकास हेतु वर्ष 2007–08 में महादलित विकास मिशन का गठन किया जिसके तहत विकास के विशेष कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। विकास एवं कल्याणकारी योजनाओं का लाभ महादलित परिवारों तक पहुँचाने के लिए विकास मित्रों की सेवा ली जा रही हैं। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के छात्र छात्राओं के लिए बड़ी संख्या में आवासीय विद्यालय एवं छात्रावासों का निर्माण कराया जा रहा है। इन वर्गों के युवाओं को सिविल सेवा प्रोत्साहन, ग्राम परिवहन एवं उद्यमी योजना का लाभ दिया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज पटना जिला के पुनपुन प्रखंड अंतर्गत खपुरा महादलित टोला में आयोजित झंडात्तोलन समारोह में मुझे शामिल होने का मौका मिला है। इस कार्यक्रम में शामिल होकर मुझे बेहद प्रसन्नता हो रही है। यहाँ विकास के कई कार्य किए गए हैं और किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यहाँ आने से पूर्व स्थानीय लोगों के द्वारा कई मांगे रखी गयी है जिसके संबंध में हमलोगों ने निर्णय भी ले लिया है। खपुरा पंचायत के महादलित परिवारों द्वारा स्वास्थ्य उप केन्द्र की माँग की गई है जिसको ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य उप केन्द्र, खपुरा का निर्माण कराया जायेगा। स्वास्थ्य उप–केन्द्र के निर्माण पर 42 लाख रुपये की राशि खर्च होगी जिसकी स्वीकृति दी जा चुकी है। प्राथमिक विद्यालय, खपुरा का भवन जर्जर स्थिति में है इस प्राथमिक विद्यालय के पुराने भवन के स्थान पर 6 कमरों का नया भवन बनाया जायेगा जिसके निर्माण पर लगभग 41 लाख रुपये की लागत आयेगी। इस महादलित टोला में सामुदायिक भवन सह वर्कशेड का निर्माण कराया जायेगा। इसके निर्माण हेतु भूमि चिन्हित की जा रही है। इसके निर्माण पर लगभग 29 लाख रुपये की लागत आयेगी। इसके अलावा इस पंचायत में पंचायत सरकार भवन का निर्माण कराने हेतु भूमि चिन्हित कर ली गयी है जिसपर 2 करोड़ 86 लाख रुपये की लागत आयेगी, इसकी स्वीकृति दी जा चुकी है। महादलित परिवारों की माँग पर इस टोले को अतिरिक्त सम्पर्कता प्रदान करने के लिए 890 मीटर लंबी सड़क का निर्माण कराया जायेगा। इस पथ के निर्माण में लगभग 1 करोड़ रुपये की लागत आयेगी। महादलित टोला खपुरा में लगभग 10 लाख रुपये की लागत से आँगनबाड़ी भवन का निर्माण कराया जायेगा। महादलित टोला खपुरा में स्वयं सहायता समूह की जीविका दीदियों के लिए ग्राम संगठन भवन का भी निर्माण कराया जायेगा जिस पर लगभग 17 लाख रुपये की लागत आयेगी। इस टोले में लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान अन्तर्गत सामुदायिक स्वच्छता परिसर का निर्माण कराया जायेगा। हर इलाके का विकास और हर तबके के उत्थान के लिए सभी जरूरी काम किये जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सभी की मांगों को हम पूरा कर रहे हैं। सम्पूर्ण बिहार में निरंतर विकास कार्य किया जा रहा है। हमारी इच्छा है कि समाज में सद्भाव एवं भाईचारे का वातावरण कायम रहे। हमारा राज्य प्रगति के पथ पर अग्रसर रहे और राष्ट्र की उन्नति में बिहार का अहम योगदान हो। उन्होंने कहा कि यहाँ से हमारा रिश्ता काफी पुराना है। जब हम बाढ़ संसदीय क्षेत्र से सांसद थे तो बराबर इधर आते रहते थे, लोगों से मिलते रहते थे। इस इलाके में ऐसा कोई गाँव नहीं है, जहाँ हम नही गये हों। मैं श्री रामलखन चौधरी जी को पुनः बधाई देता हूँ। आज के शुभ अवसर पर हम सब संकल्प लें कि बिहार को विकसित राज्य बनाने में अपना सहयोग प्रदान करेंगे। मैं स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर एक बार पुनः सभी बिहारवासियों को अपनी शुभकामनाएँ देता हूँ।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने पौधरोपण भी किया।

इस अवसर पर भवन निर्माण मंत्री श्री अशोक चौधरी, विधायक श्री गोपाल रविदास, विधान पार्षद श्री रवीन्द्र कुमार सिंह, पूर्व विधायक श्री अरुण मांझी, पूर्व विधान पार्षद श्री बाल्मीकि सिंह, बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सदस्य श्री मनीष कुमार वर्मा, गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव एवं मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, पटना प्रमंडल के आयुक्त श्री कुमार रवि, पुलिस उप–महानिरीक्षक, सुरक्षा श्री मनोज कुमार, जिलाधिकारी श्री चंद्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री राजीव मिश्रा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति, वरीय पदाधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे।

******